

# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 16.08.2021 से 21.08.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

(दिनांक 15.08.2021)






**विषय: स्वतंत्रता दिवस समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने 15 अगस्त के मौके पर फरीदाबाद में झंडा वंदन कर सलामी ली। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 15 अगस्त कोई तारीख नहीं है इससे न केवल हमारी आजादी बल्कि हमारा आत्मसम्मान और स्वाभीमान भी जुड़ा है। कोरोना काल में हमने जाना कि खुले में आजादी से सांस लेना क्या होता है। हमने दोनों ही आजादी चाहे 15 अगस्त की हो या कोरोना की लड़कर पाई है, कुर्बानी देकर पाई है और हमें इसे बनाए रखना है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी हरियाणावासियों को आजादी की 75वीं वर्षगांठ जिसे 'अमृत महोत्सव' के रूप में मनाया जा रहा है की शुभकामनाएं और बधाई भी दी।


## पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की पुण्यतिथि

(दिनांक 16.08.2021)



**विषय: पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की पुण्यतिथि ।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज दिल्ली स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के समाधी स्थल 'सदैव अटल' पर जाकर उन्हें श्रृद्धांजली दी और श्रृद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'परिवर्तन प्राजेक्ट' (इलेक्ट्रीक व्हीकल जोन) का शुभारंभ

(दिनांक 16.08.2021)

**विषय: 'परिवर्तन प्राजेक्ट' (इलेक्ट्रीक व्हीकल जोन) का शुभारंभ।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरूग्राम में प्रोजेक्ट परिवर्तन की शुरूआत की। इसके तहत :–

- गुरूग्राम के एक स्पेशल क्षेत्र में केवल ई–रिक्शा ही चल सकेंगे। अन्य डीजल अथवा पेट्रोल से चलने वाले ऑटो या थ्री व्हीलर पूरी तरह से प्रतिबंधित होंगे।
- ऐसे लगभग 600 ई–रिक्शा को माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- गुरूग्राम में कुल 5000 ऑटो हैं उन सभी को ही भविष्य में ई–रिक्शा से बदले जाने की योजना है।
- इन ई–रिक्शा में उन्हीं लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है जो पहले से ऑटो चलाते हैं। ऐसे लोगों को ई–रिक्शा खरीदने के लिए सरकार लोन भी मुहैया करवा रही है।
- इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वयं भी ई–रिक्शा में बैठक राजीव चौंक तक का सफर तय किया और किराए के 50 रूप्ये भी ऑटो चालक को दिए। परिवर्तन प्रोजेक्ट से न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी बल्कि पेट्रोल/डीजल के धूएं और मंहगे किराए से भी निजात मिलेगी।

## कचरे से बिजली उत्पादन प्लांट का उद्घाटन


(दिनांक 16.08.2021)



**विषय: कचरे से बिजली उत्पादन प्लांट का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सोनीपत के ताजपुर में स्थापित हरियाणा के पहले कचरे से बिजली उत्पादन प्लांट (वेस्ट टू एनर्जी) का उद्घाटन किया।

- यह प्लांट लगभग 200 करोड़ रूप्ये की लागत से तैयार किया गया है।
- यह एक दिन में 750 टन कचरे का निस्ताण कर सकता है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

- इसकी प्रति घंटा 8 मेगावाट बिजली उत्पादन करने की क्षमता है।
- इसे श्रठड ग्रुप के साथ मिलकर तैयार किया गया है।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह अष्पनी तरह का न केवल हरियाणा बल्कि देश का पहला प्लांट है। इससे पर्यावरण को बचाने में तो मदद मिलेगी ही बल्कि कूड़ा–कचरे का उचित प्रबंधन भी किया जा सकेगा।

यह न केवल सोनीपत बल्कि पानीपत के कचरे को निस्तारित करने के काम भी आएगा। भविष्य में हरियाणा के बाकी शहरों में भी इसी तरह के प्लांट लगाने की सरकार की योजना है।

## GMDA के जलापूर्ति प्रोजेक्ट का उद्घाटन।

(दिनांक 16.08.2021)

**विषय:** GMDA के जलापूर्ति प्रोजेक्ट का उद्घाटन।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरूग्राम में GMDA द्वारा तैयार किए गए जलापूर्ति प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। इससे गुरूग्राम के सैक्टर 81 से 99 तक रहने वाले करीब 3.80 लाख लोागों को पानी की आपूर्ति सुनिष्चित की जाएगी। यह प्रोजेक्ट गुरूग्राम की पानी की समस्या को हल करने में भी काफी मदद् करेगा। यह सैक्टर अभी तक पानी के लिए टेंकरों पर निर्भर थे जो अब उन्हें नहरी पानी मिल सकेगा।

## गुरूग्राम ग्रीवेंस कमेटी की बैठक

(दिनांक 16.08.2021)




**विषय:** गुरूग्राम ग्रीवेंस कमेटी की बैठक।

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में गुरूग्राम ग्रीवेंस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें कुल 13 शिकायतें रखी गई थी जिनमें से 11 का निवारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने आदेश दिए कि :–

- सभी तहसीलों में पैमाइश के लिए DGPS मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी।
- नजफगढ़ ड्रेन में होने वाले जलभराव के कारण कृषि को होने वाले नुकसान का जल्द समाधान किया जाएगा।
- गुरू द्रोणाचार्य तालाब का जीर्णोद्धार करवाकर उसकी बाउंड्री वाल तैयार की जाएगी।

इस अवसर पर एक शिकायत में SE की लापरवाही मिलने पर उन्हें 1 माह के अनिवार्य अवकाश पर भेजने का आदेश दिया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव जी का स्वागत समारोह

(दिनांक 16.08.2021)



**विषय: केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव जी का स्वागत समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने केन्द्रीय केबिनेट मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव जी का उनके गांव जमालपुर में जन आर्शीवाद यात्रा के दौरान स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने भूपेन्द्र यादव जी के केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री बनने पर उन्हें बधाई और भविष्य में लिए शुभकामनाएं दी।

## राखी गढ़ी प्रोजेक्ट की समीक्षा


(दिनांक 17.08.2021)




**विषय: राखी गढ़ी प्रोजेक्ट की समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हिसार के राखी गढ़ी प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई जिसके तहत निर्णय लिया गया कि :–

- राखी गढ़ी के तहत आने वाले गांवों के लोगों को खुदाई के स्थान से दूर उचित स्थान पर बसाया जाएगा।
- इसके लिए उन्हें हर संभव मद्द सरकार की ओर से दी जाएगी।
- राखी गढ़ी में पुरातात्विक महत्व का एक म्यूजियम बनाया जाएगा।
- राखी गढ़ी को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## MLA से मुलाकात
(दिनांक 17.08.2021)

**विषय:** MLA से मुलाकात।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत चण्डीगढ़ में अपने आवास पर विभिन्न हल्कों के विधायकों से भेंट की और उनकी समस्याओं को सुन उनका निवारण किया।

## ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चौपड़ा से मुलाकात
(दिनांक 18.08.2021)



**विषय:** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चौपड़ा से मुलाकात।

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने ओलंपिक गोल्ड मेडल विजेता नीरज चौपड़ा से चण्डीगढ़ में मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला में एक एथेलेटिक्स एक्सीलेंस सेंटर खोलने की घाेषणा भी की जो नीरज चौपड़ा के दिशा निर्देशन में चलेगा। नीरज चौपड़ा ने इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि वह अपने प्रदेश और उसके खिलाड़ियों के लिए पूरे दिल से कार्य करेंगे। साथ ही उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी को जल्द ही अपने गांव आने के लिए भी आमंत्रित किया।


## नाहरी और कुराड़ गांव में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह
(दिनांक 18.08.2021)



**विषय:** नाहरी और कुराड़ गांव में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह।

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया और सुमित कुमार को उनके गांव जाकर सम्मानित किया और बधाई दी।

मुख्यमंत्री जी ने उन्हें हरियाणा का गौरव और देश की शान



# साप्ताहिक सूचना पत्र

बताया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने गावं वालों की मांगों को मानते हुए घोषणा की कि :–

- कुराड़ गावं में हॉकी नर्सरी के साथ–2 एक ए साइड का हॉकी का मैदान बनाया जाएगा।
- वहीं नाहरी गांव में एक इंडोर स्टेडियम के साथ–2 मॉडल संस्कृति विद्यालय भी खोला जाएगा।

## 'अन्नपूर्णा उत्सव'

(दिनांक 19.08.2021)

**विषय: 'अन्नपूर्णा उत्सव'।**




**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला से अन्नपर्णा उत्सव की शुरूआत की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा नहीं सोना चाहिए सबको उनके हक का राशन मिलना चाहिए। अन्नपूर्णा योजना के तहत राशन लेने वाले हर परिवार को 5–5 किलोग्राम अतिरिक्त राशन दिया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसके लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद भी किया और 'वन नेशन वन राशन कार्ड' योजना को एक क्रांतिकारी कदम बताया।

## कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र सम्मेलन

(दिनांक 19.08.2021)




**विषय: कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र सम्मेलन।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र सम्मेलन (एल्यूमिनी मीट) को संबोधित किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी छात्रों से विश्वविद्यालय से जुड़े रहने और इसकी प्रगति में अपना योगदान देने का भी आग्रह किया।

मुख्यमंत्री जी ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के 63 सालों के इतिहास को याद करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय ने न केवल हरियाणा की बल्कि देश को अमूल्य रत्न दिए हैं जो आज देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी को भी विश्वविद्यालय के मानद छात्र के रूप में रजिस्टर किया गया औ मुख्यमंत्री जी ने स्वयं विश्वविद्यालय द्वारा जापानी भाषा के शुरू हुए कोर्स में प्रथम छात्र के रूप में एडमिशन भी लिया।

- इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने विश्वविद्यालय के एक सभागार और PG to UG कोर्स का भी शुभारंभ किया।

## विधान सभा का मानसून सत्र

(दिनांक 20.08.2021)



**विषय: विधान सभा का मानसून सत्र।**

**प्रभाव:** हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र की शुरूआत आज हो गई। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने भाग लिया और अनेक मुद्दों पर चर्चा की।

यह सत्र 24 अगस्त तक चलेगा। सत्र के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में भी भाग लिया और सत्र की रूप रेखा और समय तय किया गया।